दसवीं कक्षा **अभ्यास पत्रिका-1** **अवधि: 3.00 घंटे**

साल: 2024-25 **तृतीय भाषा-हिंदी** **अंकः80**

I.निम्नलिखित प्रश्नों के लिये चार-चार विकल्प सुझाये गये हैं, उनमें से सही विकल्प चुनकर संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिये : **8x1=8**

1. **खरीदना** का **विरुद्धार्थक** शब्द:
   A) बाँटना B) बेचना
   C) माँगना D) देना

2. **बेटा** शब्द का **स्त्रीलिंग** रूप:
   A) बेटी B) पोती
   C) सुत D) पुत्र

3. **चीज़** का **बहुवचन** रूप:
   A) चीज़ें B) चीज़ों
   C) चीज़ D) चीज़े

4. **करना** शब्द का प्रथम **प्रेरणार्थक क्रिया** रूप:
   A) करो B) करवाना
   C) कराना D) कर

5. **परमेश्वर** शब्द की **संधि:**
   A) दीर्घसंधि B) गुणसंधि
   C) वृद्धिसंधि D) यणसंधि

6. **सीता-राम** शब्द का **समास :**
   A) तत्पुरुष समास B) द्वंद्व समास
   C) द्विगु समास D) कर्मधारय समास

7.बच्चे कहानी सुनते हैं । वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न:
   A) पूर्ण विराम B) अल्प विराम
   C) प्रश्न वाचक D) विस्मयादिबोधक

8. मेरे पास बहुत_पशु-पक्षी हैं । रिक्त स्थान में आनेवाला परसर्ग (कारक चिह्न):
   A) के B) से
   C) का D) में

II.प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिये: **4x1=4**

9. गिल्लू : रेखाचित्र :: बसंत की सच्चाई : __________

10. चुगलखोर : बलराम :: भोलाभाला : __________

11.हाथी के पैर जैसे : मकन के स्तंभ :: मछली की पीठ जैसी : ___________

12. जीभ पर : राम :: देहरी पर : ______________

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिये: 4x1=4

13. बचेंद्रीपाल के माता-पिता कौन थे ?

14. ईश का दिया हुआ अनुपम धन क्या है ?

15. कलाम के चचेरे भाई कौन थे ?

16. मकान बनाने के बारे में दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिये: 8x2=16

17. लेखक का जी क्यों ललचाया ?

18. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

19. आशियम्मा, कलाम को खाने में क्या-क्या देती थी ?

20. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

21. कलेक्टर साहब ने बच्चों की प्रशंसा कैसे की?

22. पद्य के अनुसार समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

23. शनि ग्रह का निर्माण कैसे हुआ है?

अथवा

सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है?

24. सत्य के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?

अथवा

मीना मैडम ने छात्रों से अंत में नागिरकों के कर्तव्यों के बारे में क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिये: 9x3=27

25. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

26. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?.

27. बचेंद्रीपाल का बचपन कैसे बीता ?

28. बसंत,पंडित राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?

29. ई-गवर्नेंस से आप क्या समझते हैं ?

30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिये ?

31. पद्य में आधुनिक मानव की वैज्ञानिक प्रगति का विवरण कैसे प्रदर्शित है ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिये:

मुखिया मुख सो चाहिए,खान -पान को एक ।
पालै -पोसे सकल अंग,तुलसी सहित विवेक ।।

33. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिये:

बचपन में कलाम के तीन पक्के दोस्त थे- रामानंद शास्त्री, अरविंदन और शिवप्रकाश। ये तीनों ही ब्राह्मण परिवारों से थे । रामानंद शास्त्री तो रामेश्वरम् मंदिर के सबसे बडे पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री का बेटा था ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिये : 2x4=8

34. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिये।

अथवा

कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिये।

35. निम्नलिखित पद्यांश पूर्ण कीजिये :

असफलता--------------------- भागो तुम ।

VII. 36.दिये गये गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये: 1x4=4

मीरा बहन गांधीजी के विचारों से प्रभावित होकर इंग्लैंड छोड़ कर भारत आ गईं । स्वतंत्रता के बाद मीरा बहन ने उत्तर प्रदेश के येक पर्वतीय गाँव गेंवली में गोपाल आश्रम की स्थापना की । आश्रम में उनका अधिकतर समय पालतू जानवरों की देखभाल में बीतता था । पर्वतीय गाँवों में अक्सर बाघ का ड़र बना रहता है । शिकार को ढूँढ़ते हुये बाघ गाँव तक पहुंच जाते थे । गेंवली गाँव में येक बाघ ने घुसकर येक गाय को मार डाला था, इसलिये लोग डरे हुये थे ।

प्रश्नः

क) मीरा बहन इंग्लैड़ छोड़कर भारत क्यों आईं ?

ग) बाघ,गाँव तक क्यों पहुँच जाते थे ?

ख) मीरा बहन ने गेंवली गाँव में किसकी स्थापना की ?

घ) गेंवली गाँव के लोग क्यों ड़रे हुये थे ?

VIII. 37. दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी येक विषय के बारे में निबंध लिखिये- 1x4=4

क) मोबाइल फोन -

* प्रस्तावना
* शैक्षणिक उपयोग
* एकत्र जानकारी
* उपसंहार ।

ख) वन महोत्सव-

* प्रस्तावना
* वनों का उपयोग
* वन संरक्षण
* उपसंहार ।

ग) जनसंख्या वृद्धि की समस्या-

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण
* जनसंख्या वृद्धि रोकने का उपाय
* उपसंहार ।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिये: 1x5=5

38. तीन दिन की छुट्टी के लिये अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखिये।

अथवा

मैसूर दशहरे का विवरण देते हुये अपने मित्र को पत्र लिखिये।